स्वयंसेवी संस्था के साथ बीडीओ ने की बैठक, दिये कई निर्देश

बसिया। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कोरोना कंट्रोल रूम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र गुप्ता ने स्वयंसेवी संस्था प्रदान के कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में लॉकडाउन के मद्देनजर जरूरतमंद लोगों के बीच खाद्यान्न का वितरण,अप्रवासी मजदूरों एवं बाहर से आये लोगों को रखने हेतु बनाये गए कवारेंटाइन सेंटर में चिन्हित किये गए लोगों का रहना सुनिश्चित करने, कोरोना वायरस जैसे वैश्विक महामारी एवं इससे हुए लॉकडाउन जैसे आपातकालीन स्थिति में अत्यंत गरीब लोगों को चिन्हित कर प्रशासन से उन तक मदद पहुँचाने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की। वहीं कवारेंटाइन सेंटर को क्रियाशील करने पर भी जोर दिया गया। ज्ञात हो कि प्रदान एवं महिला विकास मंडल संस्था बसिया प्रखंड में सामाजिक सुरक्षा को लेकर प्रखंड के लगभग सभी गांव की महिलाओं को अपने साथ जोड़ कर काम कर रही हैं। वहीं कोरोना वायरस के प्रति लोगों को जागरूक करने से लेकर लोगों की सुरक्षा के प्रति भी ये संस्था प्रशासन का भरपूर सहयोग कर रही है।

बैठक में शामिल लोग

बैठक में प्रदान के मो. मेराज ने बीडीओ श्री गुप्ता को संस्था द्वारा प्रशासन के सहयोग एवं लोगों की सुरक्षा के लिए आगामी दिनों में किये जाने वाले सहायता की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र गुप्ता,बीपीएम बिपिन सिंह,प्रदान संस्था से खुदी राम, मनीष अटल आदि उपस्थित थे।